कला संस्कृति महासंमेलन

वडोदरा, अलकापुरी सेवाकेन्द द्वारा कला संस्कृति महासंमेलन संपन्न हुआ । जिसमें गुजराती फिल्म की अभिनेत्री, निर्माता एवम् निर्देशक प्रांजल भट्ट ने कहा कलाकार अपनी कला के द्वारा समाज में प्रेरणा और संदेश दे सकते है । उसने कहां मैं पीस ओफ माईन्ड चेनल में शिवानी बहन को सुनती हुं। ये मुझे समझ में आया है कि कर्म ही प्रधान है। हम जैसा करेंगे वैसा फल पायेंगे ।

वडोदरा के धारासभ्य भ्राता जितेन्द्र सुखडीया ने कहां राजयोग द्वारा हम परिस्थिती सही रीति से सुलझा सकते है ये मेरा अपना अनुभव है, ये राजयोग देश को आगे लाने में भी मदद करेगा ।

मुख्यालय माउन्ट आबु से पधारे ब्र.कु.सतीशभाई ने कहा कला वो जो सबका भला करे, सबको साथ ले के चला करे । समाज में व्यापक आज की सर्व समस्याओ का समाधान संस्कार और संस्कृति परिवर्तन है। स्वर्णीम युग की संस्कृति प्रति जागृति लाने का कार्य कर रहा है।

MSU के परफोर्मींग आर्टस कोलेज के डीन भ्राता ए. वी. अस्टपुत्रे ने कहां मैं एक कलाकार हुं, कलाकार को रोज रीयाज करने की आवश्यकता रहती है। मैं मेरे सात कलाकार और 1200 स्टुडन्टस के साथ जब कहो नि:शुल्क सेवा में उपस्थित रहने तैयार हुँ।

वडोदरा अलकापुरी सबझोन संचालिका ब्र.कु.डॉ.निरंजनाबहन ने कहां हाथो से काम करने वाले कामदार है। दिमाग से काम करने वाले कारीगर कहे जाते है, दिल से काम करने वाले कलाकार होते है। उन्होंने कहां संसार भी एक नाटक है। जिसमें हम सभी एकटर है। स्वयं निराकार परमात्मा शिव आकर जीवन जीने की कला सीखा रहे है। जैसे कोई भी कला में अभ्यास की आवश्यता है। बचपन से ही राजयोग सीखना और सीखाने की जरुरत है।

मुख्यालय संयोजक भ्राता दयालभाई ने कला संस्कृति प्रभाग की कार्यविधि सुनाई । विनय नृत्य कलाकेन्द्र के विनोदभाई तथा हितेशभाई शाह ने शुभेच्छा प्रदान की ।

दिप प्रज्जवलन करके महासंमेलन का विधिवघ् उद्घाटन किया गया । ब्र.कु.नरेन्द्रभाई ने सफल मंच संचालन किया ।

छतीसगठ से पधारे युगरतनभाई तथा अहमदाबाद से पधारी दामीनी बहन ने अनेक सुंदर गीतो द्वारा वातावरण को अलौकिक बना दिया ।

साथ में बहुत सुंदर सांस्कृतिक प्रोग्राम रहा जिसमें विविध कलाकारो ने अपनी सुंदर प्रस्तृति के द्वारा सभा को मंत्रमुग्ध कर दीया । ब्र.कु.मीना बहन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल संचालन किया ।

This PDF file is Created by trial version of Quick PDF Converter Suite.
Please use purchased version to remove this message.